खबर संक्षेप

कान्हा पार्क के विजिट के लिए जाने वाली बस को दिखाई हरी झंडी

मण्डला। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके नगर पालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा और कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एकलव्य आवासीय विद्यालय सेमरखापा में विद्यार्थियों को एक्सप्रोजर विजिट अंतर्गत बस को कान्हा नेशनल पार्क के लिए हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री अखिलेश कछवाहा जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सीडाम, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकारगण, छात्र छात्राएं और लोक कलाकार मौजूद थे।

माँ रेवती कॉलेज में हुए विभिन्न कार्यक्रम

मण्डला। माँ रेवती कॉलेज में नेहरू जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यहां पर वृक्षारोपण के साथ छात्रों के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। संचालक अभिषेक चौबे दिशा-निर्देश पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रिंसपल कनिका खरे ने कहा कि आज का दिन हमारे भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू के जन्मजयंती अवसर पर आयोजन किया गया। चूंकि चाचा नेहरू का बच्चों के साथ बहुत लगाव था और उसे बच्चे भी चाचा नेहरू के नाम से बुलाते थे। नेहरू जी जन्म दिवस पर उन्हें याद किया गया साथ ही बच्चों द्वारा अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर रश्मि साहू, संजय अग्रवाल, दीक्षा कछवाहा, सुषिमा विलियम, श्री शुक्ला, सुधीर यादव, रश्मि कछवाहा, कविता भवसार, मीनू, प्रीति, शिखा, अर्चना के साथ अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

सेमरखापा विद्यालय परिसर में रचा गया इतिहास

गौरव दिवस पर विशाल जनजातीय सैला नृत्य

*** शासन-प्रशासन के एक साथ थिरके पैर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने धरती आबा भगवान बिरसामुंडा की जयंती वर्ष के अवसर पर पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है। यही वजह है कि पूरे देश में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर उनकी संस्कृति, परंपरा, रीति-रिवाज व लोक कलाओं पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जनजातीय महापुरूषों के इतिहास के बारे में अवगत कराया जा रहा है, जो कि जनजातीय समाज के लिए गौरव की बात है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके शुक्रवार को भगवान बिरसामुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित सामूहिक सैला नृत्य कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर सामूहिक सैला नृत्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति (संचार एवं संकर्म) श्री शैलेष मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण सहित छात्र-छात्राएं, लोक कलाकार और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, कलेक्टर, नगरपालिका अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक, जिपं सीईओ और अधिकारी, कर्मचारी, लोक कलाकार और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से सैला नृत्य किया।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जनजातियों के पारंपरिक लोकनृत्य, खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा मंडला जिले में जनजातीय समाज के प्राचीन खेल गिल्ली-डंडा, खो-खो, रस्साकसी और पिट्टू का आयोजन कर इन खेलों को नई पहचान दी गई है। जिले में जनजातियों के विकास और उत्थान के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जनजातीय समाज की बोली, भाषा, संस्कृति और रीति-रिवाज, इतिहास और जनजातीय महापुरूषों की वीरगाथाओं को संरक्षित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के आव्हान पर मंडला जिले में 1521 लोक कलाकारों के द्वारा सामूहिक सैला लोकनृत्य कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जनजातीय दिवस के अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मंडला जिले के बच्चे खूब मन लगाकर पढ़ाई करें और जिले का नाम रोशन करें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जिले के बच्चों को खेलकूद, संगीत, लोक संस्कृति, तकनीकि शिक्षा और विभिन्न कलाओं को सीखकर इन क्षेत्रों में आगे बढ़ने को कहा। जिससे संपूर्ण भारत देश में मंडला जिले की पहचान शिक्षा, खेलकूद, संगीत, लोक संस्कृति, तकनीकि क्षेत्रों में हो सके। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित मंच का संचालन श्री अखिलेश उपाध्याय ने किया।

रोटरी क्लब मंडला मेकल द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष RYLA का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

रोटरी क्लब मंडला मेकल द्वारा आयोजित विशेष रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड (RYLA) दिव्यांग बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक और अद्वितीय आयोजन बन गया है। इस वर्ष यह आयोजन 16 और 17 नवंबर को स्थानीय होटल में होने जा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से करीब 200 दिव्यांग बच्चे भाग लेंगे। आमतौर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट्स द्वारा RYLA सामान्य बच्चों के लिए आयोजित किया जाता है, परंतु रोटरी क्लब मंडला मेकल ने विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए RYLA आयोजित कर एक मिसाल कायम की है। यह आयोजन पूरे रोटरी विश्व में केवल मंडला में होता है, जो क्लब की समर्पण भावना और समाज सेवा में उनके विशेष योगदान को दर्शाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ 16 नवंबर को प्रातः 11 बजे किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रदेशों के रोटेरियंस और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सहित प्रमुख अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति होगी। इस दो दिवसीय आयोजन में दिव्यांग बच्चों के लिए अनेक रोमांचक और आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बच्चों की क्षमताओं और रुचियों को ध्यान में रखते हुए योगा, जुम्बा, ट्रेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 16 नवंबर को रात्रि 7:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विशेष आयोजन होगा, जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। 17 नवंबर की शाम को सभी बच्चों को कान्हा नेशनल पार्क का भ्रमण कराकर इस विशेष अनुभव का आनंद दिलाया जाएगा।

रोटरी क्लब मंडला मेकल के सदस्यों ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया है। बैठक में संजय तिवारी, अध्यक्ष गीता कालपीवार, सचिव प्रसन्न सराफ, मुकेश जैन, अविनाश गोयल, अजय खोत, इंद्रेश खरया, राजा शुक्ला, डॉ. उपेंद्र शुक्ला, साधना दुबे, अनिता गोयल, दिलीप तिवारी, राजेश अग्रवाल कपिल वर्मा और सुरेश चौधरी उपस्थित रहे।

इस आयोजन में जबलपुर स्कूल के जनरल सेक्रेटरी बलदीप सिंह मैनी ने भी 100 बच्चों के साथ भाग लेने का निर्णय लिया है, जिसे स्कूल के समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। वहीं, जस्टिस तनखा मेमोरियल रोटरी स्कूल मंडला के बच्चे भी इस आयोजन को लेकर उत्साहित हैं।

इस विशेष RYLA आयोजन में बच्चों को मनोरंजन और प्रेरणा के साथ उनकी क्षमताओं को निखारने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा प्राप्त करेंगे।

बिरसा मुंडा जयंती के पर देवरीदादर में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया

महानायक बिरसा मुंडा के जयंती पर मवई देवरी दादर संकुल केंद्र पर प्रथम बार गांव मड़ई का शुभारंभ एवं बिरसा मुंडा के जल जंगल जमीन बचाने की संस्कृति को संग्रहित करने का समाजिक कार्यक्रम का आयोजन ग्राम वासियों द्वारा किया गया । मुख्य अतिथि महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास के प्रांतीय सचिव डॉ विजय आनंद मरावी गौरव दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम ग्राम संपर्क, प्रतिष्ठित सम्माननीय व्यक्तियों के साथ बैठकर कार्य योजना बनाना एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर सामाजिक सार्वजनिक स्थल पर तेल चित्र पर नमन कर ग्राम के साथ संस्कृति एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक रवि परते मंडला संकुल समन्वय ज्योति मोंगरे बिछिया, आचार्या ज्योति गायगकवाल, आचार्या गीता यादव, सरपंच झंगल सिंह परतें, शिक्षक प्रेम सिंह नंदा, उमेश्वर मोगरे , टिकेश्वर मोगरे, सतीश नंदा, महेश यादव आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में उल्लेखनीय योगदान रहा।

महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास के प्रांतीय सचिव डॉ विजय आनंद मरावी ने कहा ग्रामीण अंचल जनजातीय एवं दूरस्थ पहुंच विहीन मार्ग लोगों तक पहुंच कर संघ के द्वारा समान शिक्षा के भाव से संस्कृति रीति नीति व राष्ट्र को वैभवशाली शक्तिशाली निर्माण के उद्देश्य संघ ग्रामीण अंचलों में काम कर रही है इसी तारतम्य में गौरव दिवस के अवसर पर महानायक बिरसा मुंडा के जयंती पर मवई देवरी दादर संकुल केंद्र पर प्रथम बार गांव मड़ई का शुभारंभ एवं बिरसा मुंडा जी के जल जंगल जमीन बचाने की संस्कृति को संग्रहित करने का समाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सेल्फी प्वाईंट में सेल्फी ली

मण्डला। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा और जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति (संचार एवं संकर्म) श्री शैलेष मिश्रा ने शुक्रवार को ग्राम सेमरखापा जिला मंडला में धरती आबा भगवान बिरसामुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित सेल्फी प्वाईंट में सेल्फी ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण सहित छात्र-छात्राएं, लोक कलाकार और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

देश की आजादी में जनजातीय महानायकों की रही प्रमुख भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने धरती आबा भगवान बिरसामुंडा के 150वा जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह जिला जमुई बिहार में 6600 करोड़ रूपए की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पूरे देश को संबोधित कर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके शुक्रवार को एकलव्य आवासीय विद्यालय सेमरखापा जिला मंडला में स्थित ओडीटोरियम में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जनजातीय कलाकृति पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने मंत्री श्रीमती संपतिया उइके को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा जिला जमुई बिहार में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह का लाईव प्रसारण किया गया। जिसका सेमरखापा ऑडीटोरियम में एलईडी के माध्यम से लाईव प्रसारण किया गया, जिसे सभी ने देखा और सुना।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस पर देश की आजादी में जनजातीय महापुरूषों के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है। उन्होंने कहा कि जनजातियों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से गहरा लगाव होता है। इसलिए हमारी सरकार जनजातियों की संस्कृति और परंपराओं को लगातार संरक्षित करने का काम कर रही है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आज जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिले के स्थानीय कलाकारों और छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सामूहिक सैला नृत्य की प्रस्तुति दी है, जो जनजातीय समाज के लोक कलाओं को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय कलाकारों ने भगवान बिरसामुंडा की जीवनगाथा और संघर्ष के संबंध में उत्कृष्ट प्रस्तुति दी है। उक्त प्रस्तुति के माध्यम से भगवान बिरसामुंडा और अंग्रेज सरकार के संघर्षों को सजीवता से प्रस्तुत किया है। नाट्यमंच के माध्यम से बताया गया कि अंग्रेज सरकार ने बिरसा मुंडा सहित जनजातीय समाज के लोगों पर अत्यधिक अत्याचार किए। इसके बावजूद भी जनजातीय महापुरूष आजादी होने तक अपने प्राण न्यौछावर करते हुए संघर्ष करते रहे। उन्होंने लोक कलाकारों के इस शानदार प्रस्तुति पर विधायक स्वेच्छानुदान से 11 हजार रूपए देने की घोषणा की। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करें। गुणवत्तापूर्वक शिक्षा ग्रहण करें। समाज में अच्छा काम करें। देश सेवा के लिए हमेशा तैयार रहें। समाज में समानता एवं समन्वय का व्यवहार बनाएं।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने आयोजित कार्यक्रम में श्री नरेन्द्र भारतीया, श्रीमती रेवती भारतीया ग्राम सेमरखापा विकासखंड मंडला को प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से लाभान्वित किया। श्रीमती बुधवारी बाई, फागुसिंह ग्राम चंगनिया, विकासखंड बिछिया को वनाधिकार हक प्रमाण पत्र वितरित किए। श्रीमती नीलम और आशीष वनग्राम बीजाडांडी, विकासखंड मंडला को किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया। श्रीमती सुनिता बाई ग्राम बिनेका विकासखंड मंडला को पशुपालन हेतु केसीसी का वितरण किया। श्री सुरेन्द्र कुमार भारतीया और श्री देवेन्द्र कुमार भारतीया ग्राम सेमरखापा विकासखंड मंडला को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। श्री जियालाल और सेवसिंह ग्राम चरगांव विकासखंड मंडला को बीज का वितरण किया। आयोजित कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश उपाध्याय और आभार व्यक्त मंडल संयोजक श्री रंजीत गुप्ता ने किया।

पर्व | **प्रकाश पर्व- सिंधी समाज के आयोजन में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा हुए शामिल।**

श्री गुरूनानक जयंती पर निकली विशाल शोभायात्रा

*** शोभा यात्रा के रास्ते में बिछाये गये फूल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

आराध्य श्री गुरूनानक देव जी के 555 वें प्रकाश पर्व को सिंधी समाज के द्वारा धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर प्रातः काल विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बडी संख्या में पुरूष महिलाएं और बच्चे शामिल हुए, इस अवसर पर गुरू के जयकारे और भजनों के साथ शोभायात्रा गुंजायमान रही, शोभायात्रा अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरूद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर पडाव, दुर्गा मंदिर,चिलमन चौक, कमानिया गेट, बुधवारी, रंगरेज घाट होते हुए पुनः श्री गुरूद्वारा साहिब में संपन्न हुई, जगह-जगह शोभायात्रा का आतिशबाजी, फूलमाला एवं आरती से स्वागत किया गया,शुकर करा मेरे दाता तेरा शुकर करा भजनों से शोभायात्रा गुंजायमान रही, शोभायात्रा में महिलाओं एवं इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया, गुरू के भजनों पर नाच गायन की मनोरम प्रस्तुति दी, सामाजिक जनों के द्वारा शोभायात्रा के लिए विशेष तैयारियां की गई,इसके पश्चात श्री गुरूद्वारा साहिब में सामाजिक जनों की मौजूदगी में आरती पूजा के साथ सभी जनमानस के लिए खुशहाली के लिए कामना की गई, दोपहर 12 बजे भजन कीर्तन और गुरूग्रंथ साहिब के साप्ताहिक पाठ के भोग का कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस अवसर पर सामाजिक जनों के द्वारा आकर्षक फूलों की चादर गुरु को चढ़ाई गई, तत्पश्चात निंःसहाय परिक्रमा वासियों को कंबल वितरित किए गए, इसके पश्चात सामाजिक आम लंगर आयोजित रहा जिसमें शामिल जनों ने महाप्रसादी ग्रहण की, रात्रि में सामाजिक जनों की मौजूदगी में श्री गुरूनानक देव का जन्मोत्सव मनाया गया एवं भाई साहब हरनाम उदासी के द्वारा संगीत मय भजन संध्या का आयोजन किया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

शोभायात्रा का हुआ पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

श्री गुरूनानक जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में महिलाओं ने आगे आगे चलते हुए प्रस्तावित मार्ग में झाड़ू लगाते एवं जल डालते हुए स्वच्छता हेतु कार्य किया और फूल बरसाते हुए शोभायात्रा के मार्ग को खूबसूरत बनाया, शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा एवं आतिशबाज़ी से स्वागत किया गया जिसमें स्थानीय जनों ने शामिल होकर माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं सभी के लिए सुख शांति के लिए कामना की।

प्रकाश पर्व पर पुलिस अधीक्षक ने दी शुभकामनाएं

सिंधी समाज के द्वारा प्रकाश पर्व के आयोजन में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा शामिल हुए और गुरुद्वारे साहिब में माथा टेककर गुरु अरदास की, इस अवसर पर उन्होंने श्री गुरुनानक देव जी के आदर्शों पर चलने के लिए जनमानस को प्रेरित किया और सभी परिवारों की सुख शांति के लिए कामना की, इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने आयोजित लंगर में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की।

खबर संक्षेप

सासानी का निधन

गाडरवारा। स्थानीय नगर पालिका परिषद के राजस्व विभाग में पदस्थ व मिलनसार स्वभाव के धनी नरेशा सासानी का बीते हुये दिवस बीमारी के चलते निधन हो गया। बताया जाता है कि वह लगभग 42 वर्ष के थें। स्व. सासानी की शव यात्रा में नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित अनेक पार्षदो के आलवा नगर के अन्य लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्वासुमन अर्पित किये।

संगम मेले में उमड़ी भीड़, मनोरंजग खेलों में मस्त देखे गये बच्चे

गाडरवारा। शहरवासियों के लिये रेल्वे स्टेशन के समीप शक्कर व सीतारेवा नदी के संगम पुल के नीचे लगने वाला मेला आकर्षण का केन्द्र रहने से नही चूकता है। क्योंकि यहां पर प्रतिवर्ष कार्तिका पूर्णिमा व मकर संक्राति के मौके पर मेले का आयोजन होता है। जिसमें सिर्फ नगर के लोग ही नही बल्कि दूर दूर गांवों के लोग अपने बच्चों को लेकर पहुंचते है तथा अनेक प्रकार के आयोजन करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये शुक्रवार यानि की कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर भी देखने मिला। बताया जाता है कि शहर के समीप संगम में रेल्वे पुल के नीचे लगे हुये इस मेले में नगर सहित क्षेत्र के गांवों का हुजूम उमड़ते हुये देखा गया। वही दूर दूर से दुकानदारों ने यहां पर पहुंचकर दुकानदारी की गई, वही सोमवार को गुरू नानक जयंती के मौके पर शासकीय अवकाश होने के कारण अनेक लोग इस स्थल पर पिकनिक बनाने के लिये भी पहुंचे जिसके चलते अनेक लोगों द्वारा संगम मेले में भर्ता बाटी का आयोजन करने के साथ मस्ती में डूबे हुये दिखाई पड़े।

विकास खंड मैनेजमेंट यूनिट की बैठक हुई संपन्न

चीचली। जनपद शिक्षा केन्द्र चीचली में बीपीएमयू बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक को संबोधित करते हुए विकास खंड स्रोत समन्वयक डी के पटेल एवं बीएसी अरुण दुबे के द्वारा एफएलएन की लक्ष्य अनुसार मॉनिटरिंग, यू डाइस प्लस पोर्टल फीडिंग, आत्मरक्षा प्रशिक्षण की जानकारी, मेंटरिंग, निशुल्क पाठ्य पुस्तक की पोर्टल एंट्री की समीक्षा, दिव्यांग छात्रों की पोर्टल पर एंट्री, दैनिक एवं मासिक पी एम पोषण आहार के मैसेज, शैक्षिक संवाद पर चर्चा की गई। वही एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव द्वारा अपार आईडी से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के विकास खंड सह प्रभारी सत्यम ताम्रकार द्वारा सर्वेक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं जैसे मॉक टेस्ट, चेटवोट प्रश्नोत्तरी, विश्लेषण प्रपत्र अनुसारकठिन बिंदुओं का समावेश एवं उनके निदान इत्यादि पर चर्चा की गई। इस बैठक में लेखापाल खुशबू ब्रिजपुरिया, अजय नामदेव, प्रमोद साहू, संजय सोनी, हरिओम स्थापक, सत्यम ताम्रकार, ललित पाराशर, हरीश गुप्ता, कैलाश कहार इत्यादि की उपस्थिति रही।

आज से नगर राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का होगा शुभारंभ, जिले के प्रभारी मंत्री सहित अन्य अतिथि रहेंगे मौजूद

गाडरवारा। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में और जिला प्रशासन के सहयोग से 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीय 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता 2024- 25 का आयोजन आज 16 नवम्बर से 20 नवम्बर नगर के पुराने कालेज खेल यानि रूद्र मैदान में आयोजित किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के सभी मान्यता प्राप्त प्रदेशों (इकाईयों) के कुल 34 टीमें भाग ले रही है जिसमें 770 खिलाड़ी बालक- बालिकायें के आलवा उनके ऑफीशियल्स भी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज 16 नवम्बर को प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य अतिथ्यि तथा क्षेत्र के विधायक व प्रदेश परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में होगा। बताया जाता है कि इस राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षाओं के लिए परिषद, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केंद्रीय विद्यालय संगठन, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, नवोदय विद्यालय समिति, उड़ीसा, पुदुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तरा खंड, विद्या भारती, पश्चिम बंगाल, असम, सीबीएसई कल्याण खेल

संगठन, सीबीएसई, दादर एवं नगर हवेली और दमन दीप, दिल्ली और गोवा की टीम भाग लेगी। राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता मे सहभागिता के लिए देश के विभिन्न राज्यों से टीमों का आगमन निरंतर जारी है। इस तरह शहर में मेहमान बनकर आने वाली इन टीमों के लिये नगर में प्रवेश करने पर उनका जहां भव्य स्वागत किया जा रहा है। वही यह टीमें नगर मे रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग से पहुंच रही है जिनका रेल्वे स्टेशन एवं शक्कर नदी पुल पर ढ़ोल बाजे एवं फूल मालाओं द्वारा स्वागत करते हुये उन्हें बसों द्वारा सुरक्षित उनके आवास स्थलों तक पहुँचाया जा रहा है। नगर के लिये बडी ही गौरव की बात है कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये गाडरवारा को चुना गया है जिसके चलते बीते हुये शुक्रवार को प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने स्थानीय पुराना कॉलेज के पास रूद्र मैदान पहुँचकर आज 16 नवंबर से प्रारंभ होकर 20 नवंबर तक आयोजित होने जा रही 68 वी राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारियो का जायजा लिया। इस उन्होने मैदान एवं मंच का अवलोकन कर अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण, एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थें। वही बताया जाता है कि आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में आने वाली टीमों के लिए बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग के लिए अलग व्यवस्थायें की गई हैं। इसके लिए कलेक्टर श्रीमती पटले ने आवास स्थल प्रभारी व सह प्रभारी संस्था प्राचार्य/ सदस्य को नियुक्त कर उन्हें दायित्व सौंपे हैं। इसी प्रकार से बालक वर्ग के लिए अशासकीय शिवाजी विद्या निकेतन गाडरवारा, अशासकीय नुपुर कान्वेंट गाडरवारा, अशासकीय दक्ष इंटरनेशनल स्कूल, अशासकीय शिवा इंटरनेशनल स्कूल छिघौरी चीचली रोड गाडरवारा, अशासकीय क्राइस चर्च स्कूल, अशासकीय शारदा विद्यापीठ तथा अशासकीय आदित्य पब्लिक स्कूल में आवास की व्यवस्था की गई है। इसी तरह बालिका वर्ग के लिए नगर का अशासकीय काबरा मेमोरियल स्कूल, टेगौर विद्या निकेतन, अशासकीय न्यू ऐज पब्लिक स्कूल, अशासकीय न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल, अशासकीय रेनबो हाई स्कूल और अशासकीय क्रेयान स्कूल में आवास की व्यवस्था की गई है। वही दूसरी ओर राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने आये खिलाड़ियों और अन्य के लिए शासकीय कन्या नवीन उमावि गाडरवारा में मैस (भोजन) की व्यवस्था की गई है। इसके लिए कलेक्टर ने बालक वर्ग व बालिका वर्ग के लिए प्रभारी, सह प्रभारी व सदस्य के रूप में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर उन्हें दायित्व सौंपे गये है।

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़ा जन सैलाब

गाडरवारा। प्रतिवर्ष देखा जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर पड़ने वाली पंचकोशी परिक्रमा के चलते जिस प्रकार से क्षेत्र के नर्मदा तटों पर श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है उसके चलते नर्मदा तटों की स्थिति इस प्रकार से बन जाती है कि वहां पर पैर रखने के लिये भी जगह मिल पाना मुश्किल हो जाता है और इसी बात को ध्यान में रखते हुये प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गये थें। अचानक मौसम में आये बदलाव के चलते तेज ठंड भी नर्मदा भक्तों के दिलों में समाये हुयू आस्था के हिलोर को रोकने में असफल रही। इस प्रकार से कार्तिक पूर्णिमा के दौरान नर्मदा तटों पर उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुये प्रशासन पूर्णरूप से सतर्क नजर आ रहा था तो दूसरी ओर सभी घाटो पर पैनी नजर बनाये थों। क्योंकि बीते हुये कुछ वर्षो में देखने मिला है कि क्षेत्र के अनेक जगहों पर घटनाएं घटित होने के कारण लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ जाने की बात को ध्यान में रखते हुये अधिकारियों द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गये थें और इसी का परिणाम है कि इस वर्ष समाचार लिखे जाने तक कही से भी कोई घटना घटित होने की कोई जानकारी नही मिली है? बताया जाता है कि गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लिंगा खुर्द स्थित नर्मदा घाट पर तो बीते हुये कुछ वर्षो से कार्तिक पूर्णिमा व मकर संक्रति पर लगातार घटनाये घटित होते हुये देखी जा रही थी। इस सच्चाई से क्षेत्र उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा को जब पत्रकारों द्वारा अवगत कराया गया तो उन्होंने इस बात को गंभीरता से लेते हुये कर्तिक पूर्णिमा में मौके पर लिंगा घाट सहित क्षेत्र के झिकोली सहित अन्य घाटों पर भी विशेष निगरानी के प्रबंध किये गये थें जिसके चलते क्षेत्र में इस वर्ष कही से भी कोई अप्रिय घटना की जानकारी सामने नही आई है। क्योंकि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जहां कार्तिक पूर्णिमा पर माँ नर्मदा भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई। क्योंकि गाडरवारा क्षेत्र के झिकोली, शोकलपुर नीलकुंड घाट, ककरा व भटेरा सहित थरेरी व कोठिया, लिंगा खुर्द नर्मदा घाट क्षेत्र के श्रद्वालुओं के लिये नर्मदा स्नान करने व पूजन करने के लिये प्रमुख माने जाते है जहां पर हर पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है। जिसमें प्रमुख रूप से कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर पड़ने वाली पंचकोषी

परिक्रमा की सच्चाई किसी से छिपी नही रहती है। प्रतिवर्ष इस दिवस यहां पर हजारों की संख्या में भक्त इन घाटों पर पहुंचकर जहां माँ नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये भण्डारों का आयोजन भी करते है। इसी के चलते बीते हुये गुरूवार की रात से ही भक्तों के पैदल जत्था पहुंचना शुरू हो गये थें जिसमें अधिकांश लोगों द्वारा तो स्नान कर लिये गये थें तो कुछ लोगों द्वारा वहां पर विश्राम करते हुये नर्मदाजी के तट पर भजन कीर्तन करते हुये देखा गया और सूर्य उइदय होने के बाद ही माँ नर्मदाजी की निर्मल नीर में डुबकी लगाते हुये पुण्य लाभ अर्जित किया। इस प्रकार का हाल नर्मदाज के सिर्फ एक ही घाट का नही बल्कि झिकोली, शोकलपुर, ककराघाट, थरेरी, कोठिया घाट, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द सहित लगभग सभी घाटों पर भीड़ का आलम देखने मिला। वही नर्मदाजी के पावन माने जाने समीपस्थ लिंगा खुर्द नर्मदा तट पर अनेक भक्तों द्वारा आयोजित भजन कीर्तन में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर माँ नर्मदाजी का आर्शीवाद ग्रहण किया। इस तरह बीते हुये शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा पर माँ नर्मदाजी के सभी घाटों पर भीड़ का आलम देखने मिला। वही दूसरी ओर हर वर्ष देखा जाता है कि माँ नर्मदाजी के ककराघाट पुल पर पलोहा पुलिस की अनदेखी के चलते जिस तरह जाम की स्थिति निर्मित होती है उसके चलते नर्मदा स्नान करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जाता है। क्योंकि इस मार्ग से जिस तरह भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी होती है। उसे लेकर लगातार मांग उठाई जाती है कि पूर्णिमा की पूर्व संध्या से ही पूर्णिमा की शाम तक इस मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाने चाहिये। मगर प्रशासन द्वारा इस मांग को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो दूसरी ओर रात के समय पैदल नर्मदा जाने वाले लोगों की जिन्दगी को खतरा बनने से भी नही चूकता है?

भगवान बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर मंत्री श्री सिंह डंगहा पहुँचे, संस्कृति की रक्षा करने में जनजातीय समुदाय का अहम योगदान- मंत्री उदय

चीचली। मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार द्वारा 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत चीचली के ग्राम डंगहा (चांदनखेड़ा) में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बताया जाता है कि कार्यक्रम संबोधित करते हुये राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती को उत्साह से मना रहे हैं। इन कार्यक्रम के माध्यम से हम उन महान पुरूषों को याद करें, जिन्होंने हमारे देश के लिए अपना जीवन बलिदान दिया है। जिस तरह हमारे देश के वीर महापुरूषों ने देश को स्वतंत्र कराते हुये धरोहर के रूप में सौप गये है हमें वलिदानियों द्वारा अपनी जान न्यौछावर करते हुये सौपी गई धरोहर यानि की हमारे देश, समाज व संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिये। संस्कृति की रक्षा करने में जनजातीय समुदाय का अहम योगदान रहा है। सरकार इन महापुरुषों के द्वारा स्थापित मूल्यों और आदर्शों को लोगों के सामने लाने के लिए सदैव तत्पर है। सरकार शहर के विकास के साथ साथ अब गाँव के विकास पर भी समान रूप से ध्यान दे रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब सरकार गावों को जोड़ने वाली बारहमासी सड़कों का नेटवर्क, बिजली, पेयजल, शिक्षा जैसी सुविधाएँ दी जा रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में जरूरी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को शत-प्रतिशत

सैचुरेशन के लिए शामिल किया गया है। इसमें बुनियादी ढांचा विकसित करना, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य जीवन एवं गरिमापूर्ण वृद्धावस्था को लक्षित किया गया है। कार्यक्रम में मौजूद जनजातीय समुदाय के लोगों से हुए संवाद में मंत्री सिंह ने कहा कि डंगहा में भव्य एवं आकर्षक मैरिज भवन बनाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने ने 30 लाख रुपये देने की घोषणा की गई। इस मौके पर शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह और अन्य अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन भी किया। तो दूसरी ओर ग्रामीणों द्वारा चबूतरा निर्माण की माँग भी मंत्री सिंह के समक्ष रखी। जिस पर मंत्री सिंह ने 2 लाख 51 हजार रुपये देने की स्वीकृति दी गई। वही इसके अलावा ग्रामीणों ने यहाँ हाई स्कूल खोले जाने और डंगहा को ग्राम पंचायत दर्जा दिलाये जाने की भी बात कही गई तो मंत्री सिंह ने कहा कि यहाँ विद्यार्थियों की संख्या निर्धारित मापदंडों के अनुरूप होने पर हाई स्कूल भी खोल दिया जाएगा। शिक्षा विभाग के अमले को इसके लिए सर्वे कराने के लिए मंच से निर्देशित किया तथा ग्राम पंचायत बनाये जाने के लिए ग्रामीणों की सर्वसम्मति से प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। बेहतरीन तरीक़े से मंच संचालन करने पर मंत्री सिंह ने दुर्गेशनंदिनी की तारीफ़ भी की गई। वही कार्यक्रम के पहले मंत्री सिंह का स्वागत बालिकाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश मरैया के आलवा अशोक मस्कोले, नीरज पैगवार, नारायण उपाध्याय सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित मौजूद थें।

धूमधाम के साथ मनाई गई सिंधी समाज द्वारा गुरू नानक देवजी की जयंती

गाडरवारा। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नगर के सिंधी समाज द्वारा बीते हुये शुक्रवार को गुरू नानक देव जी की जयंती पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। बताया जाता है कि इस मौके पर नगर के नये बस स्टेन्ड के पास स्थित झूलेलाल मंदिर में विशेष पूजन अर्चन किया गया। वही दूसरी ओर भजन कीर्तन के साथ प्रसादी का वितरण किया गया। इसके बाद दिन भर जहां अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। वही स्टेशन के पास गुरूद्वारे पर भगवान की शोभायात्रा भी निकाली गई। समाज के अनेक युवा, वृद्व व महिलाये भी महिलाये भी मौजूद रही।

नशा सिर्फ एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है- डीएसपी मिश्रा

कौड़िया। क्षेत्र में लगातार युवा पीढ़ी जिस तरह नशे की लत का शिकार होते हुये देखी जा रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नशा मुक्ति के लिये जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस ग्राम कौड़िया के मेन बाजार में पुलिस विभाग द्वारा जय गुरूदेव संस्थान, ब्रम्हाकुमारी संस्था व गायत्री परिवार सहित अन्य समाज सेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम कौड़िया में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, थाना प्रभारी नगर निरीक्षक प्रियंका केवट, उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे ,जय गुरुदेव संस्थान,ओम शांति संस्थान,गायत्री परिवार के सदस्य एवं ग्रामजन उपस्थित रहे । इस मौके पर ग्राम के मुख्य मार्गो से नशा से मुक्त रहने के लिये जहां एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। वही दूसरी ओर इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा कहा गया कि नशा सिर्फ एक ही व्यक्ति नही पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है तो

दूसरी ओर इसके चलते रिस्तेदारों की इज्जत भी दाव पर लगने से नही चूक पाता है। क्योंकि कोई युवा जब किसी नशे की लत का शिकार हो जाता है तो वह अपनी लत को पूरा करने के लिये घर की सामग्री को बेचने से नही चूकता है और इसके बाद चोरी, लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर देता है। इस स्थिति में उसके घर लड़ाई झगडों की शुरूआत होने के कारण परिवार टूटने से नही बच पता है। वही दूसरी ओर इस तरह टूटते हुये परिवार को देखकर रिस्तेदार भी दूरी बनाना शुरू कर देते है। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा कहा गया कि नशें की लत से युवाओं को छुटकारा दिलाने के लिये पुलिस द्वारा तो लगातार कार्यवाही की जा रही है। मगर पुलिस की कार्यवाही से अधिक जरूरत हम सबकों मिलकर नशे की लत का शिकार बन चुके युवाओं को जागरूक करने की है। वही दूसरी ओर जो लोग इसके शिकार बन चुके है उनका भी पूर्ण निःशुल्क रूप से नशामुक्ति केन्द्रो में उपचार की व्यवस्था की जा रही है। हम सब लोग इस तरह नशे की लत के शिकार हो चुके लोगों को चिन्हित कर लेवे तो उन्हें इलाज के लिये भेजा जा सकता है। इस तरह उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा दिये गये जागरूकता पूर्ण संदेश के चलते मौके पर ही दो युवाओं द्वारा नशे को त्यागने के लिये शपथ ली गई जिसके चलते डीएसपी मिश्रा सहित थाना प्रभारी व ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका फूल मालाओं के साथ सम्मान किया गया। वही दूसरी ओर इस दौरान गायत्री परिवार सहित ब्रम्ह पिता प्रजापति संस्था की बहिनों द्वारा भी नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुये लोगों को जागरूक किया गया।

अनेक शिक्षण संस्थाओं में नहीं है लायब्रेरी फिर भी पुस्तकालय के नाम पर फीस वसूली क्यों?

गाडरवारा। इस समय शहर में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से बीते हुए माह नया शिक्षण सत्र शुरू हुआ ही है कि अनेक निजी स्कूलों द्वारा अभिभावको को लुभाने के लिए अपना जाल फैलना शुरू कर दिया गया है? वही दूसरी ओर नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने के दो माह के बाद छात्र छात्राएं जहाँ अपनी शालायें खुलने की उत्सुकता से खुश नजर आ रहे है, वही शिक्षक भी अपने स्तर पर अध्यापन के लिए मानसिक तौर पर तैयार हो चुके है, मगर इस स्थिति मे अभिभावक बच्चों के लिए कापी, किताबों अन्य सामग्री की व्यवस्था के साथ ही महँगी फीस के प्रबंध मे जुटे हुये देखे जा रहे है अभिभावक चहते है कि शुरू हुये इस नए सत्र में शालाओं का माहौल इतना बेहतर हो जाए कि छात्र छात्राओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े, वही कतिपय अभिभावकों ने बताया कि वर्तमान मे शहर के निजी व शासकीय प्राथमिक शाला भवनों की हालत ठीक नही है, वही कुछ प्राथमिक शालाओं मे छोटे बच्चों को मुख्य सुविधाएँ तक उपलब्ध नही है, दूसरी ओर जागरूक अभिभावकों की शिकायत है कि यह विडम्बना की बात है कि अधिकतर क्षेत्र के हायर सेकेंड्री स्कूलों मे वाउंड्रीबाल, अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के बावजूद लायब्रेरी की व्यवस्था करने मे कोताही बरती गयी है तथा अनेक हाई स्कूल ऐसे है जिनमे पहले पुस्तकालय थें। किन्तु अब उनके संचालन मे रूचि न होने से किताबें आलमरियों मे बंद कर दी गयी है, जिससें छात्र छात्राएँ पुस्तकों से लाभान्वित नही हो पा रहे है,अभिभावकों की माने तो बाजार से महँगी पुस्तके खरीदकर बच्चों को वे किसी तरह उनके द्वारा शिक्षा दिलायी जा रही है, इस हालत मे संदर्भ ग्रंथ या सहायक पुस्तके खरीदना उनके बस मे नही है,यही कारण है कि छात्र छात्राओं के ज्ञान का विस्तार नही हो पा रहा है, अभिभावकों ने मॉग की है कि जिस प्रकार से नगर की निजी शिक्षण संस्थाओं में लायब्रेरी के नाम पर फीस तो बसूली जा रही है, मगर लायब्रेरी नही है जिसके चलते शासन द्वारा इस प्रकार की संस्थाओं की खोज करते हुए कार्यवाही करे।

झिकोली घाट पर मनचलों की हरकतों का शिकार होते रही

सांईखेड़ा। क्षेत्रवासियों के लिये आस्ता का केन्द्र रहने वाली माँ नर्मदा जी के भक्त जिस प्रकार से हर माह पड़ने वाली पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के नर्मदा तटों पर स्नान व पूजन करने के लिये पहुंचते। इसी प्रकार से हर माह के पूर्णिमा के अवसर पर समीस्थ झिकोली नर्मदा तट पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है, जिसके चलते अनेक भक्त झिकोली नर्मदा पर बने हुये पुल के नीचे स्नान करते हुये पूजन करते हुये देखे जाते है। मगर यहां पर जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते देखा जाता है कि नर्मदा स्नान करने वाली महिलाओं को पुल पर खड़े होकर मटर गस्ती करने वालों की हरकतों का शिकार होने के लिये मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये कार्तिक पूर्णिमा के अवसर भी देखने मिला जहां नर्मदा तट पर उमडी भीड के चलते नर्मदा भक्त यहां के पुल के नीचे ही स्नान करने के साथ साथ पूजन हवन करने में लगे हुये थे। उसी दौरान अनेक मनचले युवा पुल के ठीक ऊपर खड़े होकर जिस प्रकार से

अशोभनीय हरकते करते हुये देखे गये उसके चलते आमजनों में आक्रोश की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पा रहा थी? बताया जाता है कि इन मनचलों की हरकतों का शिकार सबसे अधिक उन महिलाओं को होना पड़ता है जो नर्मदा स्नान करने के उपरांत यहां पर बने हुये कपड़ा बदलने के घरों के अंदर पहुंचकर अपने कपड़ा बदल रही होती है। क्योंकि यहां पर स्थापित कपड़ा बदलने के लिये बनाये गये स्थान ऊपर भाग से खुले रहते है जिसके चलते पुल के ऊपर खड़े होने वालों द्वारा जब नीचे की ओर देखा जाता है तो कपड़ा बदल रही महिलाओ को अपने कपड़े बदलने में परेशान होना पड़ता है। मगर इस प्रकार से मनचलों की हरकतों पर पुलिस प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण यह लोग कई घंटो तक पुल के ऊपर खड़े रहते हुये इस प्रकार की अशोभनीय हरकते करते हुये महिलाओं को परेशान करने से नही चूकते है।

खबर संक्षेप

मोटर साइकिल से गिरकर हुए घायल

कोतमा। गुरुवार की रात को कोतमा थाना अंतर्गत लामा टोला गांव के पास मोटर साइकिल अनियंत्रित हो गई जिसकी चपेट में आकर गाड़ी सवार समीर जोशी 40 वर्ष निवासी चपानी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में लाकर भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सर में चोट होने पर तुरंत रेफर कर दिया। परिजन शहडोल जिले के अस्पताल में भर्ती कराते हुए उपचार कराया जा रहा है। घटना के बारे में बताया जाता है कि समीर जोशी कोतमा से वापस अपने घर चपानी जा रहे थे जिस दौरान रास्ते में चौपाया आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर गिर गया और सर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई।

उप मुख्यमंत्री ने मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की मंगल कामना

अनूपपुर। मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अनूपपुर जिले के अमरकंटक प्रवास के दौरान मां नर्मदा के उद्गम स्थल पहुंचकर मां नर्मदा की पूजा अर्चना की तथा प्रदेश के नागरिकों के कल्याण और सुख समृद्धि के लिए मां नर्मदा से मंगल कामना की। इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल, मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी डॉ ए.के. अवधिया सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल का भ्रमण कार्यक्रम

अनूपपुर। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 16 नवम्बर को प्रातः 7:45 बजे मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक में दर्शन करेंगे। तत्पश्चात प्रातः 8:30 बजे अमरकंटक से ग्राम जगतपुर करंजिया, जिला-डिण्डौरी के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 9 बजे ग्राम जगतपुर करंजिया पहुंचेंगे एवं मां नर्मदा मैकल परिक्रमा द्वारा आयोजित मैकल परिक्रमा पर्वतराज अमरकंटक की परिक्रमा कार्यक्रम एवं अन्य स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रातः 10 बजे ग्राम जगतपुर करंजिया से अमरकंटक के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 10:30 बजे सर्किट हाऊस अमरकंटक पहुंचेंगे एवं अन्य स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 3 बजे अमरकंटक से बिजुरी के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम 5 बजे बिजुरी पहुंचेंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा।

पीएम जन-मन के तहत 5 पीवीटीजी आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण हुआ पूर्ण

अनूपपुर। जिले में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) बसाहटों में 7 नवीन आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत किए गए थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली के सतत मॉनीटरिंग में स्वीकृत भवनों में से 5 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। प्रत्येक आंगनबाड़ी भवन की लागत राशि 12 लाख है। पीवीटीजी बसाहटों में निर्मित आंगनबाड़ी भवन का निर्माण जनजातीय समूह की संस्कृति एवं उनके स्वीकार्यता के अनुरूप नवीन संरचना अनुसार किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों को बच्चों के आकर्षण के अनुरूप बाला पेंटिंग से सजाया-संवारा गया है।

भगवान बिरसा मुंडा के जनजातीय वर्ग के लिए किए योगदान के लिए उन्हें याद किया

डिंडौरी

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा स्टेच्यु परिसर झुरकी टोला पुरानी डिंडौरी में आयोजित किया गया। भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन पूरे देश में किया जाता है। भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को ग्राम उलिहातु झारखंड में हुआ। भगवान बिरसा मुंडा के जनजातीय वर्ग के लिए किए गए कार्यों और योगदान के लिए उन्हें आज भी सम्मान पूर्वक याद किया जाता है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। जिसके बाद सभी अतिथियों ने विभागीय योजनाओं का अवलोकन किया जिला प्रशासन द्वारा जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। जिसमें जनजातीय कार्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, श्रम विभाग , वन विभाग, स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों ने किया। कार्यक्रम के दौरान कन्या पूजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जनजातीय कला और संस्कति को प्रदर्शित किया गया। जिसमें लोक नृत्य एवं परंपरागत लोक वाद्य यंत्र गुदुम बाजा की प्रस्तुति दी गई। अतिथियों के उद्बोधन के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को लाइव प्रसारण के माध्यम से सभी मौजूद गणमान्य नागरिकों ने सुना। उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बिहार के जमुई से किया गया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय लोगों का प्रतीक है। भगवान बिरसा मुंडा ने

जनजातीय गौरव बढाने के लिए जा संघर्ष किया है। उस संघर्ष के प्रतीक के रूप में आज जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह दिवस जनजातीय वीरों को याद करने का दिन है। गोंडवाना की रानी दुर्गावती ने मुगलों से संघर्ष कर अपनी भूमि की रक्षा की। जल संवर्धन के लिए रानी दुर्गावती के द्वारा कई नहरों का निर्माण इस प्रकार किया गया जिससे नगरों में बाढ की स्थिति न हों और पेयजल आपूर्ति भी बनी रहे। उनके द्वारा जबलपुर में 52 तालाब बनाए गए जिसमें चेरीताल और आधारताल प्रमुख हैं। जल शोधन के लिए उन्होंने तालाबों में मांगुर मछली को सोने की नथनी पहनाकर तालाबों में छोडा। मांगुर मछली जल शुद्धिकरण के लिए जानी जाती है, जिससे शुद्ध जल मिलता रहे। ऐसे वीरों को याद करने के लिए जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा ऐसे जननायकों को याद किया जा रहा है जिन्होंने जल जंगल जमीन और अपनी मातृभूमि के सर्वोच्च योगदान दिया है।

हितलाभ वितरण

कार्यक्रम के दौरान जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत श्री अशीष कुमार बनवासी को 1 लाख रूपए, टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत श्रीमती रूकमणी बाई को 80 हजार रूपए, राजस्व विभाग के तहत बटवारा, फौती, नामांतरण, भू अधिकार पुस्तिका, का वितरण 7 हितग्राहियों को, कृषि विभाग के तहत मृदा हैल्थ कार्ड एवं पूसा डीकम्पोजर का वितरण 10 हितग्राहियों को, आजीविका मिशन के तहत 1587 समूहों को 45 करोड़ 46 लाख की बैंक लिंकेज राशि, 128 समूहों को 1 करोड़ 28 लाख की सीआईएफ राशि, 154 हितग्राहियों को 2 करोड 85 लाख की मुद्रा लोन राशि वितरित की गई। साथ ही प्रधानमंत्री जनमन आवास के पूर्ण होने पर ग्राम हिनौता के श्री संतोष एवं श्रीमती धनमतिया बाई को नवीन आवास की चाबी सौंपी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, जिला पंचायत अध्यक्ष अंजु ब्यौहार, नरेन्द्र सिंह राजपूत, जनपद अध्यक्ष डिंडौरी श्रीमती आशा सिंह, जनपद अध्यक्ष करंजिया चरण सिंह धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीरा परस्ते, श्री महेश धुमकेती, बोधराम सरैया, जय सिंह मरावी, अशोक सरैया, दिनेश कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की ओर से वन मण्डल अधिकारी पुनीत सोनकर, पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डॉ. संतोष शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रधान पाठक ने उच्च अधिकारियों को गुमराह कर रिश्तेदारों को बनाया अतिथि शिक्षक

बीईओ कार्यालय के नजदीक संचालित एकीकृत बालक माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्रधानपाठक कर रहे मनमानी

शिक्षकों के पद भरें होने के बावजूद नियुक्त किया 4 अतिथि शिक्षक

अक्सर विद्यालय से नदारत रहते हैं प्रधान पाठक हेमराज मार्को

डिंडौरी । एक तरफ सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैया कराने प्रतिबद्ध है जिसके तहत स्कूली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन, समेत पाठ्य पुस्तक और गणवेश निःशुल्क वितरण किया जा रहा है लेकिन आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में जिम्मेदारों के मनमानी के चलते शिक्षा व्यवस्था और गुणवत्ता चैपट होने की कगार पर है।

जिले की शिक्षा व्यवस्था दिनों दिन बेपटरी होती जा रही हैं, जिससे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं, सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों की मनमानी किसी से छिपी नहीं है, अधिकांश स्कूलों में शिक्षक समय से नही पहुँचते तो कही बहानेबाजी करते हुए अक्सर स्कूलों से गायब रहते हैं, शिक्षकों के मनमानी पर अंकुश लगाने भले ही ब्लॉक से लेकर जिले तक अधिकारियों की पदस्थापना की गई है लेकिन रसूखदार शिक्षक शासन की मंशा को बेअसर कर रहे हैं।

कुछ ऐसा ही मामला समनापुर विकास खंड मुख्यालय में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के नाक के नीचे संचालित एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में सामने आया है, जहाँ पदस्थ प्रधानपाठक हेमराज मार्को सप्ताह में एक दिन आकर उपस्थिति पंजी भर रहे हैं, जबकि यह विद्यालय बीईओ ऑफिस से 10 कदम की दूरी पर संचालित है, ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब मुख्यालय में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के नाक के नीचे संचालित स्कूल में यह हाल हैं तो दूरस्थ गाँव समेत जंगल क्षेत्र में संचालित स्कूलों में की क्या हाल होंगें।

अतिथि शिक्षकों की भर्ती को लेकर प्रधानपाठक ने सहायक आयुक्त को किया भ्रमित

एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्रधानपाठक द्वारा मनमानी करते हुए स्वीकृत पदों के विरुध्द मनमानी करते हुए 04 अतिथि शिक्षकों की भर्ती की गई है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानपाठक ने अपने पुत्री मधु मार्को एवं पूजा मार्को समेत 02 अन्य को अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्त करते हुए शासन के साथ धोखाधड़ी कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई हैं, जबकि प्रधानपाठक ने 17 अगस्त 2024 को सहायक आयुक्त को अतिथि शिक्षक भर्ती को लेकर पत्र लिखकर अवगत कराया था कि विद्यालय में 1 से 8 तक कक्षाएं संचालित है, जिसमें 236 छात्र छात्राएं दर्ज है,जिन्हें अध्यापन कराने 09 नियमित शिक्षक पदस्थ है एवं विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता नहीं है। जिला स्तर पर विभाग के सर्वोच्च अधिकारी सहायक आयुक्त को प्रधानपाठक ने गुमराह करते हुए नियम निर्देशो को दरकिनार करते हुए मनमानी पूर्वक अपनी दो पुत्री समेत 04 लोगो को अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है।

आनन फानन में बीईओ ने जारी किया नोटिस

एकीकृत माध्यमिक विद्यालय समनापुर में पदस्थ अतिथि शिक्षकों के नियुक्ति के सबंध में जब सूचना का अधिकार के तहत जानकारी चाही गई तो बीईओ ने प्रधान पाठक को नोटिस



जारी करते हुए अतिथि शिक्षक नियुक्ति संबंधी दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर 03 दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हैं, जिससे साफ होता है कि जब बीईओ साहब को नाक के नीचे संचालित स्कूल की वास्तविकता मालूम नहीं है तो ब्लॉक में स्कूलों के क्या हाल होंगें, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं।

इनका कहना हैं

आपके माध्यम से जानकारी मिली हैं, मामलें को दिखवाता हूँ।

संतोष शुक्ला, सहायक (आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग)

किन्नर समाज द्वारा धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा व रैली

डिंडोरी। महामंगला मुखी अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन का आयोजन जिला मुख्यालय के बाईपास राय सिटी के पास 8 नवंबर से 17 नवंबर तक चल रहा है।जिसमे देश के अलग अलग प्रांतों के किन्नर शामिल हुये हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को किन्नर समाज द्वारा रैली व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल से रैली शुरू होकर सिविल लाइन होते हुए अवंती बाई चैक पहुंची। यहां से रैली मां नर्मदा मंदिर डेम घाट पहुंची। यहां पर किन्नर समाज के लोगों द्वारा मां नर्मदा जी की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद रैली वापस अवंती बाई चैक पहुंची और यहां से मुख्य मार्ग होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। जगह-जगह लोगों द्वारा फूल बरसाकर रैली का स्वागत किया गया। रैली में किन्नर समाज के लोग थिरकते भी देखे गए।अवंती बाई चैक, भारत माता चैक, गांधी चैक, भाजपा कार्यालय सहित अन्य स्थानों पर रैली का लोगों द्वारा स्वागत किया गया।इसके साथ ही चांदी का मुकुट भेंट कर फूलों से तौला भी गया।

आयुष विभाग द्वारा आयोजित किए गए निःशुल्क आयुष्मान आरोग्य शिविर

डिंडौरी। परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक सेवाएं और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं की थीम पर आयुष विभाग द्वारा आज जिले में संचालित औषधालयध्एचडब्ल्यूसी में निःशुल्क आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते ने बताया कि डिंडौरी, नेवसा, शाहपुर, अझवार, गोपालपुर, चांदरानी, साल्हेघोरी, निघौरी, भाखा, कठौतिया और शहपुरा में निःशुल्क आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित कर 1055 रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। जिसमें शाहपुर में 93, शहपुरा में 72, अझवार में 102, कठौतिया में 94, निघौरी में 109, भाखा में 119, साल्हेघोरी में 97, चांदरानी में 107, गोपालपुर में 75, नेवसा में 104 और डिंडौरी में 83 रोगी लाभान्वित हुए।

उत्साह और उमंग से मनाई गई भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती

अनूपपुर। 15 नवम्बर जनजातीय महानायक महापुरुष बिरसा मुण्डा के 150 वीं जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर के ऑडोटोरियम में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम अनूपपुर महिपाल सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक, उप संचालक कृषि एनडी गुप्ता, जनजातीय कार्य विभाग के क्षेत्र संयोजक एसके बाजपेयी, प्राचार्य मुलायम सिंह परिहार, कन्या विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कौशलेन्द्र सिंह सहित इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार तथा स्थानीय नागरिक, शिक्षक, विद्यार्थी, शासकीय सेवक एवं हितग्राही उपस्थित थे। वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में बिहार के जमुई से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शहडोल स्थित बाणगंगा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन कार्यक्रम को सीधा प्रसारण के माध्यम से देखा एवं सुना गया।

कार्यक्रम में स्थानीय प्रस्तुति के तहत शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर की छात्राओं द्वारा जनजातीय गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालयीन छात्राओं द्वारा जनजातीय गौरव महापुरुष बिरसा मुण्डा जी के छायाचित्र पर आधारित रंगोली बनाई गई थी।

कार्यक्रम में आदिवासी वित्त विकास निगम द्वारा संचालित भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड के बराती अमरकंटक निवासी नितिन पिटानिया को 20 लाख की लागत के ट्रेवलर वाहन तथा विकासखण्ड अनूपपुर के ग्राम कदमटोला निवासी आकाश कुमार धार्या को 9.95 लाख की लागत की ट्रेक्टर-ट्राली का हितलाभ प्रदान किया गया। इसी तरह जिला अन्त्यावसायी सहकारी विकास समिति अनूपपुर द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना के अंतर्गत हार्डवेयर व्यवसाय हेतु अनूपपुर निवासी ओमप्रकाश प्रजापति को 15 लाख रुपये के चेक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग अंतर्गत ग्राम चिल्हारी निवासी भगवान दीन को किसान क्रेडिट कार्ड तथा ग्राम पंचायत जमुड़ी के ग्राम डिड़वापानी के 11 कृषकों को मसूर के उन्नत बीज की मिनी किट का वितरण किया गया।

महापुरुष बिरसा मुण्डा के जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्रा मोनिका रानी सिंह को प्रथम, कक्षा 12 वीं की छात्रा हेमलता श्याम को द्वितीय, कक्षा 11 वीं की छात्रा अंजू सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरुस्कृत किया गया। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति देने वाले एकलव्य विद्यालय की छात्राओं को भी अतिथियों द्वारा पुरुस्कार प्रदान किए गए।

स्वदेशी जागरण मंच करेगा वृहद् ट्रायबोप्रेनर जनजागरण- आचार्य डॉ. विकास सिंह

अनूपपुर

स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान, राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय तथा सामाजिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। तथा भगवान बिरसा मुंडा सहित शहीद के साथ वीरांगना बहनों के असाधारण साहस तथा गौरव पर व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वावलंबी भारत अभियान के अखिल भारतीय संचालन समिति सदस्य, स्वदेशी शोध संस्थान के केंद्रीय मेंटरशिप टोली सदस्य तथा स्वदेशी जागरण मंच महाकौशल प्रांत के प्रांत सहसंयोजक एवं राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में संगणक संकाय के डीन आचार्य डॉ विकास सिंह ने कहा कि जनजातीय समाज के पास पारंपरिक समृद्ध कौशल, नवाचार तथा स्थानीय संसाधन से भरपूर शक्ति मौजूद है। स्वावलंबी भारत अभियान से वेलनेस, कला और शिल्प, खेल और खिलौने, वनऔषधि, वनउपज,डेयरी, गोवर्धन, पारंपरिक सौंदर्य प्रसाधन और फैशन सहित हजारों विविध उत्पाद के इस जनजातीय-उद्यमिता के माध्यम से जनजातीय संसाधनों और क्षमता का सही दिशा लगभग 10 लाख करोड़ मूल्य का घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार है। बिरसा मुंडा वर्ष 2025 में हर जनजातीय परिवार स्वदेशी तथा हर

जनजातीय उद्यमी बने इस योजना के साथ संकल्प जरूरी है। जनजातीय युवा रोजगारयुक्त होकर अपने उद्यम का मालिक बनें यहीं भारत के समस्त जनजातीय नायकों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित- राजेश सिंह

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता तथा जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने कहा की सभी जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने और स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में उनके योगदान और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा को याद करने और स्वीकार करने के लिए इस वर्ष चौथा जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर 2024 से 26 नवंबर 2024 तक मनाया जा रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाने के लिए वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजातीय गौरव को वैश्विक विशेष पहचान दिला रहे है। केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा तथा राज्यपाल मंगूभाई पटेल सहित भाजपा परिवार के सभी सदस्य जनजातीय गौरव से जनजातीय समृद्धि के लिए कृत संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करके जनजातीय समुदाय का गौरव बढ़ाया है। इसके लिए सम्पूर्ण जनजातीय समाज की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की 10 करोड़ जनजातीय आबादी के कल्याण के लिए पृथक मंत्रालय बनाया।

आपरेशन प्रहार के तहत गांजा परिवहन व बिक्री करने वाले दो ठिकाने पर की गई कार्यवाही

अनूपपुर/कोतमा। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा कोतमा अनुभाग की 13 नवंबर को मीटिंग ली गई जिसमें अवैध मादक पदार्थों पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश प्राप्त हुए थे, उक्त निदेर्शों के पालन में 14 नवंबर को कोतमा पुलिस द्वारा थाना स्तर पर दो टीम गठित कर अलग-अलग स्थानों पर मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गई, मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खमरौध का संतोष यादव अपने घर बाड़ी में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु छुपा कर रखा है, सूचना की तस्दीक हेतु मौके से दबिश दी गई, तलाशी के दौरान घर के पीछे एक काले रंग की बोरी में मादक पदार्थ गांजा रखा पाया गया जिसमें कुल 20 पैकेट वजन 20.697 किलो ग्राम होना पाया गया, जिसके संबंध में आरोपी संतोष यादव पिता स्व. धन्ना यादव उम्र 45 साल निवासी खमरौध से पूछताछ की गई तो बताया कि ग्राम खोडरी के राजकुमार उर्फ चरखा पिता दिल भरण जायसवाल उम्र 32 साल एवं सूरज तिवारी पिता रामेश्वर तिवारी उम्र 29 साल दोनों निवासी खोडरी के द्वारा बिक्री हेतु लाकर रखना बताया मौके से 20 किलो 697 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कुल कीमती 200000 मौके से जप्त की गई, आरोपी संतोष यादव को अभिरक्षा में लेकर मामले के अन्य आरोपी राजकुमार उर्फ चरखा एवं सूरज तिवारी की पता तलाश खोडरी में किया दस्त्याब होने पर पूछताछ किया गया जो आरोपी संतोष यादव को बिक्री हेतु देना बताएं हैं, सूरज तिवारी द्वारा सुमित जायसवाल निवासी खोडरी की पिकअप से ले जाकर अवैध मादक पदार्थ गांजा देना बताया है उक्त आरोपियों के खिलाफ अपराध सदर का घटना पारित करना पाए जाने पर उक्त तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया, तथा आरोपी संतोष यादव निवासी खमरौध, राजकुमार उर्फ चरखा सूरज तिवारी अन्य के खिलाफ अपराध क्रमांक धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट कायम किया गया है। दूसरी टीम के द्वारा भी मुखबिर की सूचना पर एलआईसी ऑफिस के पीछे कोतमा में अवैध मादक पदार्थ गांजा राजेंद्र अहिरवार पिता सुकलू निवासी एलआईसी ऑफिस के पीछे कोतमा के द्वारा बिक्री किया जा रहा है सूचना पर मौके से रेड कार्रवाई की गई तो राजेंद्र अहिरवार के पास से 1.490 किलोग्राम गांजा कीमती 15000/-पाया गया उक्त संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि ग्राम खमरौध के संतोष यादव पिता स्व. धन्ना यादव के पास से बिक्री हेतु लेकर आना बताया है उक्त मादक पदार्थ गांजा आरोपी राजेंद्र से जप्त कर आरोपी राजेंद्र यादव, राजेंद्र अहिरवार पिता सुकलू निवासी कोतमा एवं अपराध क्रमांक 452/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के आरोप संतोष यादव पिता धन्ना यादव निवासी खमरौध को भी मामले में गिरफ्तारी सुमार की गई है उक्त आरोपियों के द्वारा घटना करना पाए जाने पर आरोपी राजेंद्र अहिरवार एवं संतोष यादव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

खबर संक्षेप

बाल विद्या निकेतन द्वारा व्यंजन मेला का आयोजन

गोटेगांव। समीपवर्ती झोतेश्वर में श्री शंकराचार्य बाल विद्या निकेतन विद्यालय में बाल दिवस के उपलक्ष में व्यंजन मेले का आयोजन हुआ। जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि झोतेश्वर चौकी प्रभारी दिलीप सिंह के द्वारा रिबन काटकर की गई। विद्यालय अध्यक्ष उमेश तिवारी, प्राचार्या सुरभि तिवारी,केके द्विवेदी की उपस्थिति में भगवती एवं गुरु पूजन के साथ ही व्यंजन मेले की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालयीन सुंदरता एवं मेले की भव्यता ने दूर-दूर से पधारे हुए व्यक्तियों को एक अनोखा अनुभव प्रदान किया। नागरिकों के वक्तव्यों से ज्ञात हुआ कि इस क्षेत्र में आयोजित नई पहल से आमजन हर्षित हुए। वहीं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्रियों का विक्रय स्टॉल के माध्यम से शुद्ध स्वच्छ एवं उचित परिवेश में वस्तुओं का विक्रय किया। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों की कला को विज्ञान मॉडल एवं चलचित्रों को प्रदर्शित किया गया। ज्ञात की स्टाल में समस्त प्रकार के व्यंजन,मिष्ठान,जूस आदि का विक्रय किया गया। इस अवसर पर डॉ.श्रीकांत पटेल, डॉ.अनुज प्रताप सिंह,डॉ.सुयश खांडेकर,डॉ. लालवानी,सुंदर पांडे,मुकेश पाठक,सोहन तिवारी उपस्थित रहे।

समन्वय परिवार द्वारा सर्वधर्म सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस गुरुनानक देव की जयंती पर समन्वय परिवार द्वारा सर्व धर्म सभा आयोजित कर गुरु नानक देव जी का स्मरण किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्व धर्म संभाव एकता स्तम्भ पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सुनील चौहान द्वारा सुमधुर गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण सच्चिदानंद आश्रम के प्रमुख फादर एंटो द्वारा दिया गया। अपने उद्बोधन में हरप्रीत कौर ने नानक देव जी के जन्म से लेकर उनके द्वारा दिए गए उपदेश का पालन करने की बात कही। अपने उद्बोधन में चावरा विद्यापीठ के फादर शेफर्ड ने गुरु नानक जी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अजय तुलसी द्वारा अपने उद्बोधन में नानक देव जी को विश्व के महान संत बताया। समन्वय परिवार के अध्यक्ष सुधीर सिंघई सरदार जनरल सिंह, काकेभाई, सुबोध शर्मा एस के चतुर्वेदी, सहित सभी धर्म के नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सचालन अतुल मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन शांति एक्का द्वारा किया गया।

हितग्राहियों को किया गया हितलाभ वितरित

जनजातीय समाज हमारे देश का गौरव: कलेक्टर

बिरसा मुंडा जयंती पर गौरव दिवस का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस एवं प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मेगा इवेंट का आयोजन जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत बगलई के ग्राम बगलई- उजर में किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती अंजलि शाह,पूर्व विधायक हाकम सिंह चड़ार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र ठाकुर, निधान सिंह पटैल, मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह, ओमकार सिंह पटैल, वरिष्ठ समाजसेवी ध्रुव पचैरी, सर्वेश्वर पचैरी, दादूराम पटैल, इंजी. देवदत्त पचैरी, शक्ति सिंह राजपूत, रूपसिंह ठाकुर, अन्य जनप्रतिनिधि, जनजातीय कार्य विभाग सुश्री निधि नेमा, अधिकारी- कर्मचारी, स्थानीय अमला, हितग्राही और ग्रामीण जन मौजूद थे।

जनजातीय समाज देश का गौरव

कलेक्टर श्रीमती पटले ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातियां हमारे देश का गौरव रही है। उन्होंने कहा कि संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा हमें जनजातीय समाज से मिलती है। इस समाज में हमेशा सकारात्मक भाव ही देखने मिलता है। बड़े ही आत्मीय और अपनेपन के भाव से मिलते हैं। आज जनजातीय समाज के मसीहा बिरसा मुण्डा का जन्म जयंती का आयोजन समूचे देश में किया जा रहा है। उन्होंने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज की पीढ़ी उनके इस अहम योगदान को जाने और समझे कि किस प्रकार हमें अपनी मूल से जुड़े रहने की जरूरत है। जनजातीय समाज के उत्थान के लिए शासन द्वारा अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। जनजातीय समाज के लोग इन योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ रहे हैं।

73 ग्रामों का किया गया चयन

प्रधानमंत्री धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के जनजाति बहुल 73 ग्रामों का चयन किया गया है। इन ग्रामों में 18 विभागों की योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाएगा और सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में बच्चियों में जिस उत्साह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी है उससे उनका आत्म विश्वास झलकता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार और समाजसेवी सरदार सिंह पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सभी को बिरसा मुण्डा जयंती की बधाई दी। उन्होंने बताया कि जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। वीरांगना रानी दुर्गावती, शंकर शाह, रघुनाथ शाह और अन्य महान नायकों के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है।

हितलाभ किया वितरित

कार्यक्रम में अतिथियों ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत सुप्रिया ठाकुर, अक्षिता सिलावट, तमन्ना गोंड, मिस्टी सिलावट, साहिल गोंड व रूही मेहरा को जाति प्रमाण पत्रों, मिलेश रजक व राजेश सेन को खाद्यान्न पात्रता पर्चियों और धर्मेन्द्र, सुरेंद्र कुमार, रेखा बाई, गोविंद कुशवाहा को आवास प्लस योजना के तहत हितलाभों का वितरण किया गया। इसी तरह अतिथियों ने ग्राम बगलई के कृषक हरीशचंद्र चढ़ार, भूरेलाल कुशवाहा, मुकेश मरावी, बेनी सिंह मेहरा और संदीप ठाकुर को मसूर बीज मिनीकिट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग, लोक सेवा प्रबंधन, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अनुसूचित जाति जनजाति विभाग द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं विभिन्न्न उत्पाद से संबंधित प्रदर्शनी के स्टॉल लगाये गये, जिसका अवलोकन कलेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा गया।

बाल दिवस पर विविध प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस बाल दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ में बाल-मेले का आयोजन किया गया। ग्राम मुराछ सरपंच प्रतिनिधि छोटेलाल व गणमान्य जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व चाचा नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कक्षा छठवीं से बारहवीं के बच्चों ने घर से बनाकर लाए हुए पौष्टिक व्यंजन कद्दू की खीर, इमली का अचार, आंवले का मुरब्बा, गुलाब जामुन बेसन व नारियल की बर्फी, पानी पूरी, पोहे-जलेबी व स्थानीय मौसमी फल तथा घर से बनाकर लाये हुए खिलौनों का विक्रय कर किसी कुशल व्यवसायी की संभावनाओं को जगाते हुए अपने कौशल का परिचय दिया। विद्यालय के मार्गदर्शी शिक्षक रश्मि जाट, विक्रम शर्मा, जय सोनी, सीताराम पटेल, शैलेन्द्र मेहरा, तुलसीराम पटेल, पी एस राजपूत, दुर्गेश साहू, दिनेश पटेल प्रयोगशाला सहायक, अमित दुबे, निशा अग्निहोत्री, रुचि चैरसिया, वंदना चैरसिया, उषा पचैरी के सहयोग से बच्चों के मध्य विविध खेल प्रतियोगिताओं चम्मच दौड़, बोरा दौड़, कबड्डी, कुर्सी दौड़ आदि का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। आभार प्रदर्शन संस्था प्राचार्य विभा दुबे एवं मंच संचालन दिनेश पटेल ने किया।

अजाक्स संघ ने मनाई बिरसा मुंडा जयंती

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। क्रांतिसूर्य और भगवान कहे जाने वाले जन नायक बिरसा मुंडा आज युवाओं के प्रेरणा स्रोत के रूप में जाने जाते हैं। जिन्होंने अपने अल्पायु के जीवन में अन्याय और अत्याचार के खिलाफ उल -गुलाल के क्रांतिकारी अभियान को जन्म दिया और इतिहास में अमर हो गए और अब जब तक रहेंगे अत्याचार तब तक चलेगा उल गुलाल उक्त विचार आज की विरसा मुंडा जयंती में विभिन्न वक्ताओं द्वारा प्रस्तुत किये गये। समस्त अनुसूचित जाति, जनजाति सामाजिक संगठनों द्वारा अजाक्स संगठन की नरसिंहपुर तहसील इकाई के नेतृत्व में स्थानीय अंबेडकर पार्क इतवारा बाजार नरसिंहपुर में बिरसा मुंडा जयंती का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महामानव विश्वरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ अजाक्स संगठन के सभी वरिष्ठ संरक्षक पदाधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्षों ने किया। उसके बाद भगवान बिरसा मुंडा के जीवन की क्रांतिकारी घटनाओं को प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं ने अंबेडकर पार्क को साफ-सुथरा रखने के साथ -साथ परस्पर सहयोग से और अधिक सुंदर एवं सुसज्जित बनाने के सुझाव भी दिए। युवाओं ने संगठित होकर बिरसा -ब्रिगेड बनाकर अन्याय और अत्याचार से लडने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान तथा बाबा साहब अमर रहें के जयकारे के साथ किया गया।

प्रांतीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित प्रांतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता गोल बाजार स्थित दत्त भजन मंडल सभागार जबलपुर में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में महाकौशल प्रांत की नरसिंहपुर, वारासिवनी, दमोह, हटा,जबलपुर, करेली, गोटेगांव मंडला सहित 9 टीमों ने अपनी सहभागिता दी। गीत गायन प्रतियोगिता में सभी टीमों के छात्र-छात्राओं द्वारा हिंदी गीत, संस्कृत गीत एवं लोकगीत विशुद्ध भारतीय संगीत वाद्य यंत्रों के माध्यम से बड़े ही मनमोहक ढंग से अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें संपूर्ण सभागार राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य रीजन के रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश स्थापक, इंजीनियर कौस्तुभ वर्मा, सुनील लवंगिकर एवं अध्यक्ष संजय तिवारी रहे। समापन सत्र के मुख्य अतिथि कुलपति महाकौशल विश्वविद्यालय जबलपुर आर सी मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि रीजनल सेक्रेटरी इंजीनियर जितेंद्र कुलकर्णी, आशुतोष वर्मा एवं पवन पाठक रहे। चाणक्य विद्यापीठ परिवार द्वारा विजेता टीम के सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए अग्रिम प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी गई।

भाजपा संगठन पर्व के तहत बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस भाजपा सदस्यता अभियान, संगठन महापर्व के तहत नरसिंहपुर विधानसभा के नरसिंहपुर ग्रामीण मंडल मे धमना शक्ति केंद्र की बैठक ग्राम पंचायत भवन में रखी गई, जिसमें मुख्य अतिथि संगठन पर्व सहयोगी व भाजपा जिलाउपाध्यक्ष विनीत नेमा द्वारा 14 से 20 नवम्बर मे होने वाली बूथ समितियों के गठन सम्बन्धी प्रक्रिया को विस्तार से जानकारी दी और समिति गठन की तारीख स्थान व समय सुनिश्चित कराया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष परषोत्तम सिंह पटेल, सहित शक्ति केंद्र मे सम्मिलित सभी आठ बूथों के अपेक्षित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमे प्रमुख रूप से धमना से लाल साहब सिंह गुमास्ता, अशोक सिंह गुमास्ता, रामचरण पटेल, कैलाश सिंह पटेल, खापा से योगेंद्र सिंह पटेल, जयपाल पटेल महका, गजराज सिंह पटेल, सुपला से कैलाश सिंह पटेल, रानी पिंडरई से शिव कुमार सिंह पटेल, इमलिया से राजकुमार सिंह पटेल सुंदर पटेल गर्कटा से राजू भैया व भाजयुमो नरसिंहपुर नगर मंडल महामंत्री गौरव तिवारी की उपस्थिति रही।

मोगली उत्सव में शामिल हुये जिले के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राज्य शासन द्वारा आयोजित मोगली उत्सव 2024 के तहत जिले के छात्रों ने 10 नवंबर से 14 नवंबर तक सिवनी जिले के पेंच राष्ट्रीय उद्यान रहकर पर्यावरण को करीब से जाना। ज्ञात हो कि मोगली उत्सव का आयोजन मोगली लैंड के नाम से प्रसिद्ध पेंच राष्ट्रीय उद्यान में किया जाता है। जिले का दल मास्टर ट्रेनर अक्षय शर्मा एवं मार्गदर्शी शिक्षिका रश्मि शुक्ला के नेतृत्व में शामिल हुआ। उत्सव के दौरान छात्रों द्वारा पर्यावरण तथा जंगली जीवों के बारे मे करीब से जाना। उत्सव के दौरान विविध शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। समापन अवसर पर सिवनी कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों से चर्चा की।

नर्मदा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

की गई पंचकोशी परिक्रमा

तेंदूखेड़ा। धार्मिक मान्यता के अनुसार पूरे कार्तिक मास में भगवान की भक्ति के साथ अनेकों पर्व मनाए जाते हैं। उसी श्रंखला में कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के साथ इस महीने का समापन होता है। कार्तिक मास में स्नान व्रत आदि चलते हैं।कार्तिक पूर्णिमा पर सभी तीर्थ और पवित्र नदियों में स्नान करने का बहुत महत्व बताया गया है। क्षेत्र के पुण्य सलिला मां नर्मदा के तटों पर स्नान करने के लिए दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचे। पूर्णिमा पर कई स्थानों पर ऐतिहासिक मेलों का भी आयोजन किया गया सैकड़ों मील दूर से पैदल आकर श्रद्धालुओं ने स्नान कर पंचकोशी परिक्रमाएं की। पिछले दो दिनों से सागर जिले के विभिन्न ग्रामों के लोग पैदल पदयात्रा करते हुए मां नर्मदा के पावन तटों पर पहुंच रहें थे ।जगह जगह श्रद्धालुओं को रुकने ठहरने से लेकर खाने पीने की व्यवस्था की गई थी। नर्मदा घाटों पर हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्नान पूजन अर्चन किया। जिनमें ब्रम्हांड घाट शोकलपुर बिल्थारी ककरा बारह घाटों पर विशेष भीड़ रही।दिन भर भंडारे कथा पूजन का क्रम जारी रहा। वहीं लगभग हर घाट पर अव्यवस्थाओं का आलम भी देखने को मिला। विशेष तौर पर स्नान करने वाली महिलाओं को चेंजिंग शेड ना होने के कारण परेशान होते देखा गया। एवं पार्किंग व्यवस्थायें भी नदारत पाई गई।

22 लाख की लागत से बना स्वीमिंग पूल नहीं ले पाया मूर्तरुप

पांच सालों से तैयार प्रारंभ हुये ही जहां तहां से दरकने लगा

तेंदूखेड़ा। बच्चों में तैराकी सीखनें की मंशा से नवाचार के चलते तत्कालीन कलेक्टर रोहित सिंह की पहल पर जिले में पहला स्वीमिंगपूल नगर परिषद के माध्यम से तैयार करवा कर इसमें पानी भर कर बच्चों को तैरना सीखनें के लिए लगभग 22 लाख रुपए की लागत से इसका निर्माण वार्ड क्रमांक 05 में पुजारी मुहल्ला में नाले के किनारे करवाया गया था। बरसात के दिनों में बाढ़ फिर मिट्टी धसकने के चलते इसमें आई दरारों के कारण गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़े हुए थे संबंधित ठेकेदार द्वारा इसको पुनः व्यवस्थित किया गया था लेकिन उसके बाद से यह स्वीमिंगपूल आज भी अपने उद्देश्य से भटककर बंद पड़ा हुआ है। अब पुनः जहां तहां से मुंह फाड़ने लगा है।चूंकि नगर में पूर्व में रामघाट हनुमान घाट कुंडी घाट मुलुआ घाट और पुजारी मुहल्ला रिपटा नाले में बच्चे बरसात और ठंड के दिनों में जाकर जब कभी नहाते समय तैरना सीख लिया करते थे लेकिन समय की रफ्तार में बदलाव और नाले का अस्तित्व खत्म होने के कारण अब यह व्यवस्था ही खत्म हो गई है।इस व्यवस्था को पुनः शुरू करने की महती आवश्यकता है। बच्चों में भी लगभग यह गतिविधियां भी अब खत्म सी हो गई है। कभी कभार घटित होने वाली घटनाओं जलस्त्रोतों में फंस जाने के चलते स्वीमिंगपूल तैरना सीखनें की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को भी इस दिशा में महती भूमिका निभाने के साथ बर्बाद हो रही इस राशि की उपयोगिता पर विचार कर इसे अमलीजामा पहनाने की दिशा में पहल जरूरी है।

सिंधी समाज द्वारा श्री गुरुनानक देव जयंती हर्षोल्लास से मनाई

गोटेगांव- स्थानीय नगर में सिंधी समाज द्वारा गुरु नानक जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, गुरुनानक जयंती पर सिंधी समाज के गुरुद्वारे में सर्वप्रथम समाज के सदस्यों सुबह प्रभात फेरी निकाल कर भजन कीर्तन किया गया,साथ में गुरूनानक देव के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया गया इसके उपरांत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए,कार्यक्रम में विशेष लंगर का आयोजन किया गया इस अवसर पर खेमचंद दासवानी,श्यामुमल माधवानी,गागन दास माधवान,कन्हैया लाल बालानी,गुरनामल माधवानी,ईश्वर धामेचा कैलाश दरयानी,डेटामल दासवानी, दासवानी,राजू मुलानी खुशाल सुखवानी लखमीचंद बबलू चंचलानी माधवानी राजू माधवानी मुरली धर माधवानी गन्नू माधवानी मनोज कृपलानी शेरू कृपलानी योगेश कृपलानी आशीष माधवानी विनोद माधवानी एडवोकेट तीरथ दास माधवानी गोपाल माधवानी बबलू माधवानी दीपक कृपलानी अंकित धामेचा सुमित माधवानी,वीणा कृपलानी हर्षा कृपलानी नेहा माधवानी भावना माधवानी एवं सिंधी समाज की महिला मंडल, युवा मंडल सहित सैकड़ो नागरिक उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती आयोजित

गोटेगांव। स्थानीय नगर के शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय में जनजाति गौरव भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई जिसमें महाविद्यालय गोटेगांव में कार्यक्रम जनभागीदारी अध्यक्ष्य विनोद तिवारी की अध्यक्षता एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ रुकमणी अहिरवार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, सीधा प्रसारण देखा गया, उसके बाद मुख्य वक्ता विनोद तिवारी ने बिरसा मुंडा जी को धरती आबा संबोधित कर जल, जंगल, जमीन और जीवन पर व्याख्यान दिया गया, वहीं क्रीड़ा अधिकारी डॉ प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि 15 नवंबर 1875 को जन्म हुआ और 9 जून 1900 में देहावशान के बीच सिर्फ 25 वर्ष की जीवन यात्रा में भगवान बिरसा मुंडा ने समाज और राष्ट्र के लिए संघर्ष किया उनके संघर्ष के कारण अंग्रेजो को अपने वन अधिनियम में भी परिवर्तन करना पड़ा, आज के कार्यक्रम के अवसर पर डॉ एकता उपाध्याय, डॉ अभिषेक तिवारी,डॉ सुरेश मिश्र, शिल्पा चौकसे, डॉ सुजाता कोरी, संदीप राजपूत, करण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी को उपस्थिति रहे।

रेलवे विभाग की लापरवाही के कारण दुर्दशा का शिकार हुआ पार्क

फिसल पट्टी टूटी कुर्सियां दे रही लापरवाही की गवाही

हरिभूमि न्यूज। गोटेगांव- नगर के श्रीधाम रेलवे कॉलोनी में बच्चों को खेलने के लिए बाल उद्यान का निर्माण रेलवे विभाग के द्वारा कराया गया था और इसका उद्घाटन तत्कालीन डीआरएम के द्वारा किया गया था। इस उद्यान निर्माण का मकसद था कि रेलवे कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों के बच्चे यहां पर मनोरंजन कर सकें। यहां पार्क में लगे बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला फिसल पट्टी बगैरा पूरी तरह से कबाड़ में तब्दील हो गया है। रेलवे विभाग के द्वारा उद्घाटन के बाद बाल उद्यान की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण इसका मैदान पूरी तरह कचरे से भर पड़ा है।यहां पर रात के समय सामाजिक तत्वों का डेरा रहता है यहां खाली पड़ी शराब बोलते इस पार्क की शान बनी हुई है, जहां इसकी उचित देखरेख ना होने से मैदान में बडी घास फूस कूड़ा करकट की भरमार बनी हुई है स्थानीय रेलवे विभाग द्वारा देखरेख के अभाव में उद्यान पूरी तरह बदहाल हो चुका है। पार्क में लगी हुई जगह जगह से कुर्सियां टूट चुकी है और बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गई फिसल पट्टी, झूला में जंग लगने से वह बेकार साबित हो रहे हैं जिसके कारण अब बच्चे एवं कॉलोनी का कोई भी परिवार का सदस्य इस बाल उद्यान में नहीं आ रहा है। जिस उद्देश्य से रेलवे कॉलोनी के अंदर बाल उद्यान का निर्माण विभाग ने कराया था वह पूरा नहीं हो सका है। वर्तमान समय में अनदेखी के कारण बाल उद्यान पूरी तरह से कबाड़ में तब्दील हो गया है। रेलवे विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण बाल उद्यान की उचित साफ सफाई नहीं की जाती इनके कारण छोटे बच्चे मनोरंजन से वंचित हो रहे हैं फिलहाल तो यह पार्क शराबियों के मनोरंजन अखाड़ा बनकर स्वरा प्रेमियों का अड्डा बन चुका है।